हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 संभागायुक्त व आईजी ने श्री अन्न मिलेट्स मेले का...



08 उत्कृष्ट विद्यालय में 300 छात्रों ने सूर्य नमस्कार...



### युवा दिवस पर जिलेभर में सूर्य नमस्कार के 12 आसनों और तीन चक्रों का अभ्यास

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से जीवन में आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद की जयंती सोमवार को जिले में युवा दिवस के रूप में मनाई गई। स्वामी विवेकानंद का जीवन हर किसी के जीवन में प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। इस दौरान जिले में सामाहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाले स्वामी विवेकानंद की जन्मजयंती पर सोमवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजित किया हुआ। सूर्य नमस्कार का भव्य कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें शिक्षकों एवं 25 स्कूलों के लगभग 3000 छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार के 12 आसनों और तीन चक्र का अभ्यास किया। योग गुरु नरेंद्र जी ने सभी को अभ्यास कराया। सूर्य नमस्कार का आयोजन जिले में माखननगर, सेमरीहरचंद, सोहागपुर सहित पिपरिया में आयोजित हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, अनिल जैन बृजेंद्र रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने प्रकृति की गोद में किया सूर्य नमस्कार




**पचमढ़ी।** विश्व में भारतीय संस्कृति का परचम लहराने वाले महान आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में योग एवं सूर्य नमस्कार के मनाई गई। यह कार्यक्रम मां अम्बामाई मंदिर के समीप स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। प्रकृति की गोद में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एकाग्रता के साथ योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। विद्यालय के योग शिक्षक संतोष यादव के कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं सहित समस्त स्टाफ ने अत्यंत उत्साह और रुचि के साथ सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता सहित शिक्षकगण ज्योति यादव, सविता साहू, रूपनारायण श्रीवास, मनीषा परमाल, पल्लवी साहू, राकेश यादव, किशनलाल उइके एवं रूपाली तोमर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पचमढ़ी में योग और नगर दौड़ का आयोजन



**पचमढ़ी।** उमंग एसओपी के 'योग एवं शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम' के अंतर्गत आज राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। योग सत्र के पश्चात शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक नगर दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एस. शेखर के मार्गदर्शन एवं उमंग नोडल अधिकारी डॉ. सत्य के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### विशेष ध्यान कार्यक्रम आयोजित



**पिपरिया।** नगर के शासकीय आर,एन, ए विद्यालय एवं सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती पर सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी रहे। विशेष अतिथि जिला महामंत्री ममता नागवंशी एवं अन्य सदस्य थे। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास से लाभ बताए। प्राचार्य संजीव दुबे ने स्वागत भाषण दिया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी,वीआरसी प्रदीप शर्मा,ममता साहू, ज्योति बुधौलिया गिरीश गौतम, सुरेश पटेल,आर एस मेहरा श्रीराम गुप्ता, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार चंद्र भूषण परसाई, सहित अन्य सभी उपस्थित रहे।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ



**सेमरीहरचंद।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद में सूर्य नमस्कार का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार लगाकर स्वामी विवेकानंद को याद किया एवं संकल्प लिया की योग प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार प्रतिदिन लगाएंगे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर मैराथन दौड़ संपन्न



**सोहागपुर।** विवेकानंद जयंती पर सोमवार को मगध शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति सोहागपुर ने मप्र सरकार तथा स्वदेशी जागरण मंच की संकल्प दौड़ का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष विशाल गोलानी ने बताया कि मुख्य अतिथि बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने स्वदेशी जीवन शैली तथा भोजन अपनाने पर जोर दिया।

### स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया

**माखननगर।** महाविद्यालय प्राचार्य नीता चौबे ,नावँकुर संस्था संचालक मनीष चतुर्वेदी ,एडवोकेट दीप सिंह यादव,मेंटर्स हर्ष तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर युवा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा हर्ष तिवारी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा स्वदेशी स्वामी विवेकानंद के प्रेरक मंत्र "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको नहीं" को आत्मसात करने का आग्रह किया।




### युवा दिवस कार्यक्रम में किया सूर्य नमस्कार

**माखननगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में मध्य प्रदेश शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस (युवा दिवस) के उपलक्ष में प्रातः 9 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ राजकुमार पटवा द्वारा सूर्य नमस्कार ,प्राणायाम सहित अन्य योग मुद्राएं संपन्न कराई गईं।

# सोहागपुर के समीप पलटी यात्रियों से भरी बस, करीब 25 यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सेमरी-सोहागपुर मार्ग पर मालवीय पेट्रोल पंप से कुछ दूर सोमवार सुबह एक यात्री बस पलट गई। जिसमें 25 यात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय नागरिकों ने घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंचकर प्रशासन व घायलों की सहायता की।

प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार सुबह लगभग 11 बजे नर्मदापुरम से पिपरिया की ओर जा रही यात्री बस मालवीय पेट्रोल पंप तथा चीचली नहर के बीच पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों की चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान, मजदूर तथा स्टेट हाईवे से होते हुए जा रहे यात्रियों ने बस में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े, एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी भी मौके पर पहुंचे व सभी ने आमजनों के साथ मिलकर घायलों की सुध ली।

### कांच फोड़ निकाले यात्री

आम नागरिकों ने पलटी बस के कांच फोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना के घायलों को तत्काल आते-जाते वाहनों सहित पुलिस वाहन एवं डायल 112 से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायलों का इलाज किया गया। जहां नागरिकों ने बहुत सहयोग किया। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर ने बताया कि 25 यात्री घायल हैं, जिनमें से पांच को नर्मदापुरम् रैफर किया गया है। पुलिस ने राहुल गन्नूलाल अहिरवार निवासी ग्राम किवलारी की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ धाराओं 281, 125 (ए) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया है। बस चालक के पैर में गंभीर फ्रेक्चर है। पुलिस को फरियादी राहुल अहिरवार ने बताया है कि तेजी व लापरवाही से बस चलाने के कारण दुर्घटना हुई है।

### निभाई सहृदयता की परंपरा

बस दुर्घटना की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से जब आम नागरिकों तक पहुंची, तो सैकड़ों नागरिक घटनास्थल सहित अस्पताल पहुंचे व घायलों की मदद की। प्रशासन ने भी कहा है कि सोहागपुरवासी किसी पर कष्ट के मामले में त्वरित सहयोग के लिए चर्चित हैं और उन्होंने अपने बुजुर्गों द्वारा दी गई परंपरा का निर्वहन सोमवार को भी किया है। इस दौरान आम नागरिकों, भाजपा व कांग्रेस नेताओं एवं समाजसेवियों ने घायलों की सहायता की।

### ये हुए घायल

अस्पताल से प्राप्त सूची अनुसार बस दुर्घटना में मोहन रामविलास कुशवाहा नंदनवाड़ा, खुमान नंदनलाल मोकलवाड़ा, नीलेश हेमंत पुरी शोभापुर, कलाबाई शालकराम लखनपुर, फूल सिंह नन्हेंलाल सेमरी, रामचरण गिरी पन्नालाल सेमरी, महिमा नीलेश नर्मदापुरम्, रितु लीलाधर यादव नर्मदापुरम्, नुसरत नवाब मोहम्मद भोपाल, ऋषिका नीलेश मेहरा किवलारी, मालती बाई भगवानदास बम्होरी, राहुल गन्नूलाल किवलारी, गणपत नारायण सिंह लोधी उदयपुरा, सुदामा प्रसाद पंछीलाल कलमेशरा, शिवम अशोक अहिरवार सेमरी, बलीराम विश्राम सिरवाड़, रहबर अकबर खान सोहागपुर, राधिका रामविलास नंदनवाड़ा, गोलू मुस्ताक विदिशा, लता श्री मोहन करनपुर, सुनीता हरिया करनपुर, बसंती प्रकाश पीपरपानी, दिव्यांश प्रकाश पीपरपानी, चैनसुखी ओमप्रकाश मानेगांव, सुकीर्ति छोटेलाल सोनी जमुनिया घायल हुए हैं।

### 144 की जांच, 40 का होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**सेमरीहरचंद।** सोमवार को निःशुल्क नेत्र शिविर में अंधत्व निवारण समिति एवं आरपी फाउंडेशन के सहयोग भोपाल के पीपुल्स हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में ब्लॉक खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रेखा सिंह गौर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नेहा सुनहरे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद एके शाक्य नेत्र चिकित्सा सहायक एवं पीपुल्स हॉस्पिटल से डॉ दीप्ति मजमुदर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ दीक्षा और जनसंपर्क चिकित्सा अधिकारी संजय मुड़िया अनस खान एवं टीम ने 144 मरीजों की जांच की वही 40 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया।

# शरद यादव जी के विचारों को निरंतर आगे बढ़ाना जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. शरद यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर पत्रकार, समाज सेवी, राजनीतिक, परिवार जनों एवं उनके अनुयायियों ने गांव आंख मऊ में नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी बेटी सुभाषनी एवं दामाद राव राजकमल ने संबोधित किया और बताया कि पिछड़ा वर्ग को मंडल आयोग की सिफारिश शरद यादव जी की देन है।

शरद यादव गरीब दलित पिछड़ा वर्ग के मसीहा थे। हमेशा हमारे बीच अमर रहेंगे शरद स्तूप पर उनकी यादों को ताजा किया गया। शरद जी को गांव से बड़ा लगाव था होली दिवाली पर गांव आकर अपने साथियों और गांव वालों से मिलते थे। वह गौतम बुद्ध को बहुत ज्यादा मानते थे। उनके विचारों को हमेशा आत्मसात किया है शरद जी की स्मृति में यहां शरद स्तूप बनाया गया है। उनके विचारों को परिवारजन और उनके अनुयाई आगे बढ़ाने का काम करेंगे। शरद स्तूप पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह जिला विकास समिति सदस्य अजीत सेठी शरद जी के साथी रमेश सोनी, युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल, एडवोकेट मधुसूदन यादव, मुकेश यादव, राजेंद्र यादव, अरविंद यादव, शैलेंद्र यादव, आंख मऊ, पत्रकार उमेश तिवारी, प्रदीप शर्मा, रत्नेश बडगूजर, मुकेश मालवीय, देवेन्द्र यादव, पूर्व सरपंच, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव, प्रदेश कांग्रेस महासचिव केलु उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता ,कांग्रेस बाबू चौधरी, अजय अहिरवार, अमृत बिंदु डेरिया, संजय गिल्ला, प्रकाश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा के समय तनाव कम करने के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



परीक्षा के दौरान तनाव कम करने और अपना आत्मविश्वास कैसे बनाए रखें, इसके उपाय मनोवैज्ञानिक माइंड सेट कोच शिवरंजनी टागरा ने समेरिटंस विद्यालय में आयोजित एक कार्यशाला में विद्यार्थियों को बताए। उन्होंने बताया कि आप बहुत ही आसानी से और छोटे छोटे प्रयासों से तनाव से बच सकते हैं। आपको एक्जाम प्रेशर को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना है। परीक्षा के दौरान सामान्य और हल्के फुल्के व्यायाम करें। नियमित रूटीन ही रखें। पर्याप्त नींद लें। ज़रूरत से अधिक किताबों में न उलझें। अधिक विचार न करें। उन्होंने कहा कि दिमाग को रिलेक्स रखें और परीक्षा के समय कुछ समय मनोरंजन अवश्य करें। पढ़ाई के दौरान छोटे छोटे टिप्स फॉलो करें। छोटे टारगेट सेट करें और एक टारगेट पूरा करने के बाद दूसरा टारगेट सेट करें। उन्होंने कुछ व्यायाम भी बताएं और कार्यशाला में बच्चों से व्यायाम करवाए भी। बाद में बच्चों ने उनसे प्रश्न भी पूछे जिनके उत्तर उन्होंने दिए। कार्यशाला में प्राचार्य प्रेरणा रावत, सुमिता द्विवेदी, लिना देवासकर आदि भी उपस्थित रहीं।

# सौंदर्यीकरण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भोपाल तिराहे के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का सोमवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां कार्य कर रहे कारीगरों से चर्चा की तथा काम की स्थिति जानकारी। उन्होंने भोपाल तिराहे पर लग रही मां नर्मदा की मूर्ति के स्थान और दीवार पर लिखे हर-हर नर्मदे का भी अवलोकन किया गया। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि भोपाल तिराहे के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। एक सप्ताह के अंदर यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। यह नर्मदापुरम् का प्रवेश द्वार है। यहां मां नर्मदा की मूर्ति स्थापित होगी। लोग नर्मदापुरम् में प्रवेश करने से पहले मां नर्मदा की प्रतिमा के दर्शन करेंगे। यह नर्मदापुरम की विशेष पहचान बनने जा रहा है।

### प्रदेश के परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा

# जी राम जी योजना में 100 प्रतिशत रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




हर गरीब को निश्चित गारंटी से रोजगार मिले और उसकी गरिमा का पूरा सम्मान हो। गरीब जनजातीय वर्ग और पिछड़ा वर्ग को रोजगार मिले इसके लिए जी राम जी योजना का नया ढांचा तैयार किया गया है। यह पूरी योजना महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप है। नई योजना में काम के दिन ज्यादा होंगे साथ ही मजदूरों को पारिश्रमिक भी जल्दी मिलेगा उक्त जानकारी प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। मंत्री राव ने बताया कि जी राम जी योजना के अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के काम की गारंटी मिलेगी। वन क्षेत्र में काम करने वाले, अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 25 दिन का और अतिरिक्त रोजगार दिया जाएगा उन्हें कुल मिलाकर 150 दिन का रोजगार दिया जाएगा। मंत्री राव ने बताया कि जी राम जी रोजगार गारंटी की योजना है इसमें पूरी पारदर्शिता रखी गई है। जहां पहले मजदूरो को नगद भुगतान किया जाता था जिसमें भ्रष्टाचार की व्यापक संभावना रहती थी, उन सब आशंकाओं को खत्म करते हुए इस योजना में मजदूरों को उनके पारिश्रमिक का भुगतान उनके बैंक खातों में कैशलेस किया जाएगा। फेस आईडी मशीन से मजदूरों की अटेंडेंस ली जाएगी और गारंटी से 125 दिनों तक उन्हें रोजगार मिलेगा। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड रुपए खर्च हूए हैं। जिसमें मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड रुपए खर्च किए हैं। इस अवसर पर पूर्व विस अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, जनपद अध्यक्ष महेन्द्र चौकसे, नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव सहित आदि मौजूद रहे।

### स्कूल बैगों का वितरण किया गया

स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नर्मदा पुरम जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 27 हजार 778 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग विद एजुकेशन डेस्क का वितरण किया। गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा उक्त बैग आईआईटी कानपुर के द्वारा डिजाइन कराए गए हैं और सीएसआर के माध्यम से निर्मित किए गए हैं। उक्त स्कूल बैग विद एजुकेशन डेस्क की विशेषता है कि अब प्राथमिक शाला के बच्चे नीचे बैठकर बैग का उपयोग डेस्क के रूप में कर सकेंगे इससे उन्हें ब्लैक बोर्ड पढ़ने में आसानी होगी और उनके रीढ की हड्डी भी ठीक रहेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को उक्त बैग वितरण के कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निर्गुण भारत कार्यक्रम 2023 के तहत बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दे रही है।

# सीएम का जनहितेषी योजनाओं को लेकर जिले का दौरा 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नर्मदापुरम जिले में प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने माखननगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को मुख्य कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं कार्यक्रम उपरांत उन्हें उनके गंतव्य तक सुरक्षित वापस पहुंचाने हेतु परिवहन व्यवस्था आरटीओ के साथ समन्वय कर सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने कंट्रोल रूम की स्थापना कर संपूर्ण कार्यक्रम की सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री डॉ यादव के माखननगर तहसील अंतर्गत लाडली बहना योजना की राशि का अंतरण और जनहितैषी कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर सभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ यादव नगर में आयोजित रैली में भी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि हेलीपैड, मुख्य सभा स्थल, मंच एवं डोम का पूर्ण रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कार्यक्रम स्थल पर प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्था होगी।

### 40 लाख की रोड क्लीनिंग मशीन को दी श्रद्धांजलि




**नर्मदापुरम।** शहर हित और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस इस समय आक्रामक रूप में है और निरंतर शहर से जुड़े जनता से जुड़े मुद्दों को प्रदर्शन के माध्यम से उठा रही है।सोमवार को प्रदेश प्रवक्ता रोहन जैन के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 2016 में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष द्वारा दान में दी गई रोड क्लीनिंग मशीन को मातम के बाजों के साथ नगर पालिका के यार्ड पहुंचकर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विदित हो इस मशीन की कीमत करीब 40 लाख रूपए है।

## खबर संक्षेप

### मैराथन में दो किमी तक दौड़े युवा




**सारनी।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेरा युवा भारत बैतूल खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सारनी के बगडोना में युवा मैराथन दौड़ का आयोजन किया। अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक डॉ योगेश पण्डागरे ने न सिर्फ मैराथन को हरी झंडी दिखाई बल्कि युवाओं के साथ 2 किमी तक दौड़ भी लगाई। बगडोना कालोनी में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मैराथन का शुभारंभ किया गया। विवेकानन्द यूथ क्लब एवं डीपीएस स्कूल के सहयोग से विवेकानन्द ग्राउंड बगडोना कालोनी से सरदार विष्णु सिंह उइके कॉलेज तक आयोजित इस मैराथन में नपा अध्यक्ष किशोर वरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जभास अध्यक्ष कमलेश सिंह,पार्षद दशरथ सिंह जाट, डीपीएस के संचालक भूपेंद्र मालवीय सहित सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भागीदारी की। मैराथन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पुरुष एवं महिला वर्ग के धावकों को विधायक डॉ पण्डागरे द्वारा नगद राशि भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

### डांडीवाडा टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**शाहपुर।** ग्राम कुप्पा में आयोजित टी-इलेवन के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें 10 ओवर में डांडीवाड़ा ने 88 रन बनाए, वहीं भौरा 50 रन पर आलआउट हो गई। प्रतियोगिता के विजेता डांडीवाड़ा टीम को प्रथम पुरस्कार 11000 एवं द्वितीय पुरस्कार 5500 भौरा को दिया गया। मेन ऑफ द सीरीज डांडीवाडा के ऑल राउंडर जय को दिया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में रामक्रेश यादव, रामकिशोर यादव, भाजपा नेता कुप्पा मधु यादव, भाजपा नेता प्रेमलाल यादव, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष कुप्पा चंद्रभान सोलंकी, शिक्षक प्रेम सिंह राजपूत, पवन काकोडिया, शिवम यादव मौजूद रहे।

### कांबिंग गश्त अभियान के तहत 73 वारंटी गिरफ्तार

**बैतूल।** पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं वारंट तामील सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वार विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। जिसमें 11 जनवरी की दरमियानी रात जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा सघन गश्त की गई। अभियान में सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के दौरान स्थायी, फरार एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के साथ-साथ गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की गहन चेकिंग की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। इस दौरान लंबे समय से फरार 39 स्थायी वारंटी एवं 34 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 73 वारंटी गिरफ्तार किये गये। वहीं 43 गुंडा/निगरानी बदमाशों एवं जिला बदर व्यक्तियों की सघन चेकिंग की। कांबिंग गश्त अभियान के माध्यम से बैतूल पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी शिकंजा कसा गया है। थाना क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाशों एवं जिला बदर अपराधियों की सक्रिय चेकिंग से कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कार्रवाई की गई है। बैतूल पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और जिले में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

### आज होगा मेले का समापन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन

# संभागायुक्त व आईजी ने श्री अन्न मिलेट्स मेले का किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मोटे अनाज (मिलेट्स) को प्रोत्साहन देने और स्थानीय महिला उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के ओपन ऑडिटोरियम बैतूल तीन दिवसीय श्री अन्न मिलेट्स मेला का आयोजन किया जा रहा है।

प्रत्याशा फाउंडेशन, ताप्ती दर्शन ट्रस्ट और किसान कल्याण एवं कृषि विभाग बैतूल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेले के द्वितीय दिवस संभागायुक्त नर्मदापुरम कृष्णगोपाल तिवारी एवं पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला ने श्री अन्न मिलेट्स मेले का अवलोकन किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन, कृषि विभाग के उपसंचालक आनंद बडोनिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर मिलेट्स से बने उत्पादों की जानकारी ली और उनके स्वाद का अनुभव किया। इस दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी ने मिलेट्स को पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए किसानों, महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देकर आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में मिलेट्स आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाए, जिससे आमजन में श्री अन्न के प्रति रुचि बढ़े। पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला ने भी मिलेट्स को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के मेलों से लोगों को पारंपरिक और पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी मिलती है। उन्होंने मिलेट्स से बने उत्पादों की गुणवत्ता की प्रशंसा की। मेले में मिलेट्स से बने विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ-साथ इनके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी भी प्रदर्शित की गई।

#### अनाजों की प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

तीन दिवसीय श्री अन्न मिलेट्स मेला में अनाजों की प्रदर्शनी के साथ-साथ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। पारंपरिक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, गायन और बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आयोजन समिति की सदस्य प्रत्याशा फाऊंडेशन से तूलिका पचौरी एवं ताप्ती दर्शन ट्रस्ट से निमिषा शुक्ला ने बताया कि मेले में नगरपालिका, महिला एवं बाल विकास, कृषि और खाद्य विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजन समिति के सुनील द्विवेदी, संजय पप्पी शुक्ला ने किसानों और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री अन्न के महत्व को समझने और मेले का आनंद लेने की अपील की है।

#### *आज होगा मेले का समापन*

*तीन दिवसीय श्री अन्न मिलेट्स मेला का समापन आज मंगलवार को किया जायेगा। इस संबंध में प्रमिला धोत्रे, ममता कूबड़े तरूणा द्विवेदी, प्रीती ओसवाल, वर्षा उमप, रूकमणि सोनारे, दीपिका भावसार, संगीताा राठौर, दीपा मालवी, दर्शना मस्की, वीणा बाघमारे, नीलू भार्गव, रीता दत्त, श्रद्धा शुक्लाा, सीता शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके, आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर एवं समाजसेविका ऋतु हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होगी। बता दे कि पिछले वर्ष की शानदार सफलता के बाद इस वर्ष मेले को और अधिक भव्य स्वरूप दिया गया। मेले में ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी और कांगनी से बने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए गये। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, अचार, पापड़ और जैविक अनाज भी बिक्री के लिए उपलब्ध है। मेला प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक संचालित हो रहा है। जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग भी पहुंच रहे है और मिलेट्स का आनंद ले रहे है।*

## मकान में आग लगने से हजारों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



टिकारी क्षेत्र के अंबेडकर वार्ड स्थित एक मकान के किचन में सोमवार दोपहर आग लग गई। इस घटना में घर का कुछ सामान जलकर खाक हो गया, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। मकान मालिक रामनाथ कन्नौजे के घर के ऊपरी हिस्से में किराएदार रहते हैं। सोमवार को किचन से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने तत्काल रामनाथ कन्नौजे को सूचना दी। इसके बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

फायर ब्रिगेड कर्मी सुनील भलावी और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 15 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग लगने से किचन में रखा गृहस्थी का सामान जल गया और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। अनुमानित तौर पर कुछ हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किचन में लगे बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे पास रखी लकड़ी की खिडक़ी ने आग पकड़ ली। किचन में गैस सिलेंडर और तेल जैसी ज्वलनशील सामग्री भी मौजूद थी, जिससे आग के तेजी से फैलने और बड़े नुकसान का खतरा था। घटना की सूचना मिलने पर नगरपालिका उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद महेश राठौर भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के समय किराएदार घर पर मौजूद नहीं थे, जिन्हें फोन कर बुलाया गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और फायर ब्रिगेड कर्मियों की त्वरित कार्रवाई के कारण घनी आबादी वाले क्षेत्र में एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया।

### पत्नी के घर लौटने से किया इनकार तो लगा ली फांसी

**बैतूल।** बोरदेही थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के ससुराल लौटने से इनकार करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 40 वर्षीय परसराम निवासी कनारी (थाना बीजादेही) के रूप में हुई है। वह बीते बुधवार 5 जनवरी को अपने ससुराल खेड़ली बाजार आया था। जानकारी के अनुसार, परसराम ने अपनी पत्नी रुक्मणी को अपने साथ घर चलने के लिए कहा था। पत्नी ने बस न होने और ठंड का हवाला देते हुए जाने से मना कर दिया। अगले दिन सुबह उसने फिर पत्नी से चलने का आग्रह किया, लेकिन वह फिर भी नहीं मानी। इसके बाद दोपहर करीब चार बजे परसराम घर से कुछ दूर हाईस्कूल के पीछे गया और लगभग 25 फीट ऊंचे पेड़ पर अपने मफलर से फांसी लगा ली। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ होगा या परसराम पर किसी तरह का दबाव बनाया गया, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। परिजनों ने यह भी बताया कि पत्नी अक्सर बिना बताए घर से चली जाती थी। परसराम और रुक्मणी की शादी 14 साल पहले हुई थी। उनके 12 साल की एक बेटी और 8 साल का एक बेटा है। रविवार शाम होने के कारण आमला में शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। बाद में परिजनों ने वहीं पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। सोमवार को बैतूल जिला अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम ने शव परीक्षण किया और शव परिजनों को सौंप दिया। देर शाम होने के कारण अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा।

## एसआईआर को लेकर भौंरा मंडल के शक्ति केंद्र पर संगठनात्मक बैठक



### विधायक की मौजूदगी में बूथ स्तर की तैयारियों और कार्यप्रणाली पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के भौंरा मंडल अंतर्गत भौंरा शक्ति केंद्र पर एसआईआर को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर टोली, बूथ अध्यक्षों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विषय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र की विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके भी शामिल रहीं। बैठक में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया, मंडल की एसआईआर टोली, शक्ति केंद्र प्रभारी सहित क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चर्चा के दौरान बूथ स्तर पर एसआईआर से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर समन्वय बनाए रखते हुए समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा कि एसआईआर संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि संगठन का कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सके। विधायक ने कहा कि बूथ स्तर की मजबूती ही संगठन की वास्तविक ताकत होती है। बैठक के अंत में आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया और सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

## योग समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

जिला स्तर पर योग समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विशेष रूप से तहसील प्रभारी समिति सदस्यों के साथ शामिल हुए। बैठक में सभी ने अपने-अपने सुविचार रखे। जिसमें मुख्य स्वास्थ, शिक्षा, मानव सेवा विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी को स्वस्थ जीवन और संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ रहे था। बैठक में जिला प्रभारी बैतूल सुनील कुबड़े का भव्य स्वागत किया गया। मानव सेवा करने, स्वस्थ जीवन के लिए एक जुट होकर कार्य करने की बात रखी। बैठक लगभग तीन घंटे तक चली। सभी ने योग का पूर्ण विस्तार और मानव सेवा का संकल्प लिया।

### विधायक ने ध्वजारोहण व फीता काटकर किया शुभारंभ, 22 जनवरी तक चलेगा मेला

## हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ बाबा मठारदेव का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले का सोमवार 12 जनवरी को विधिवत शुभारंभ हो गया। आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हवन-पूजन, ध्वजारोहण एवं फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया।

मेला परिसर में सुबह 10 बजे से पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। अतिथियों ने मंच के समक्ष पूजन किया। हवन-पूजन एवं आरती के पश्चात बाबा मठारदेव के ध्वज का पूजन किया। इसके पश्चात बाबा मठादेर तलहटी मंदिर की प्रथम सीढ़ी पर पूजन कर फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। विधायक डॉ. पंडाग्रे व अतिथियों ने मठारदेव बाबा का पूजन किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रपंज आर (आई.ए.एस.), एसडीओपी प्रियंका करचाम, तहसीदार संध्या रावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, पार्षदगण छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, दशरथसिंह जाट, मीना सिंह, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, प्रवीण सोनी, भावना माकोड़े, हरिता पाल, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, अजाबराव धोटे, कविता पटैया, बेबी बिंझाड़े, कमलेश सिंह, सुधा चंद्रा, गोलू राजपूत, दीपक सिनोटिया,रूपेंद्र चौहान, पं. संतोष शर्मा विक्रमपुर सरपंच यशोदा मर्सकोले, बाकुड़ सरपंच भैयालाल बैठे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

#### क्षेत्र के विकास में नहीं होगी कमी

आमला सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि बाबा मठारदेव की बड़ी महिमा है। उन्हीं की कृपा से हम सारनी का विकास कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सारनी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक ने कहा कि प्लांट का कार्य जल्द शुरू होगा। साथ ही कोयला खदान भी अब प्रारंभ होने की स्थिति में है। सीमेंट फैक्ट्री व अन्य औद्योगिक इकाइयां भी जल्द प्रारंभ करेंगे। नगर पालिका के साथ मिलकर शहर का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

#### 10 दिनों तक चलेगा मेला, चाक चौबंद व्यवस्था

बाबा मठारदेव का मेला आगामी 10 दिनों तक यानी 22 जनवरी तक चलेगा। नगर पालिका परिषद सारनी ने इसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मेला अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि मेले में पानी, लाइटिंग, टेंट समेत श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। पुलिस प्रशासन की मदद से सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। प्राइवेट गार्ड, सीसीटीवी कैमरे मेले में लगा दिए गए हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### विवेकानंद जयंती पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम, सामूहिक सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन

# विवेकानंद जयंती पर स्वदेशी, स्वावलंबन व स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय बैतूल में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती उत्साह, अनुशासन और प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी सोच, स्वावलंबन, आत्मविश्वास, राष्ट्र निर्माण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला चिकित्सालय बैतूल की रक्तकोष अधिकारी डॉ. अंकिता सीते, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णा खासदेव, महाविद्यालय सचिव कमलेश गड़ेकर, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक निलेश गिरी गोस्वामी, डॉ. राहुल कावले, डॉ. विजय साबले, निर्गुण देशमुख, संजय बालापुरे, तथा भारतीय जनता पार्टी महिला इकाई की जिला अध्यक्ष श्रीमती ममता मालवीय मंचासीन रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. अंकिता सीते ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन आत्मविश्वास, साहस और सेवा का प्रतीक है। स्वदेशी और स्वावलंबन केवल आर्थिक अवधारणाएँ नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त नींव हैं। युवाओं को अपनी शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ब्लड बैंक बैतूल के सहयोग से निःशुल्क रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तकोष टीम से रमेश जैन एवं राजेश बोरखेड़े ने सक्रिय सहभागिता निभाई। परीक्षण के उपरांत विद्यार्थियों को ब्लड ग्रुप कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) अधिकारी प्रो. अनिल सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उज्जवल पांसे ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन प्रो. सुदामा लहरपुरे द्वारा किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बैतूल ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में जेएच कॉलेज के विवेकानंद पार्क में माल्यार्पण और संगोष्ठी का आयोजन किया। नगर सहमंत्री करण कोरकू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों से प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र गोरले ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृती को विश्व में गौरवान्वित किया। उन्होंने उस समय भारतीय वेदांत और दर्शन का प्रचार-प्रसार किया, जब पश्चिमी देशों की नजरों में भारत असभ्य देश माना जाता था। अभाविप के पूर्व प्रांत सहमंत्री देवेंद्र धुर्वे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके विचार और शिक्षा करोड़ों युवाओं को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में नगर सहमंत्री लक्की खातरकर, नगर कलमंच प्रमुख विशाखा धुर्वे, नगर कार्यकारिणी सदस्य करीना उईके एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती



**शाहपुर।** सोमवार 12 जनवरी को माध्यमिक शाला पतौवापुरा में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों, योग समिति के तहसील अध्यक्ष शारदा प्रसाद गुप्ता और योग गुरु संतोष राठौड़, समिति सदस्यों ने मिलकर एक साथ सूर्य नमस्कार किया। प्रधान पाठक रामकिशन विश्वकर्मा मीडिल स्कूल पतौवापुरा ने योग का महत्व बच्चों को समझाया। कहा कि योग से बौद्धिक विकास संस्कृति और सभी का विकास ही होता है। योग समिति के योग गुरु संतोष राठौड़ ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। संकुल कुंडी से जन शिक्षक श्रीमती दीपना जगताप भी उपस्थित रही। योग समिति के तहसील प्रभारी शाहपुर शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमें योग जन जन तक पहुंचाना है। लोगों को योग के बारे में जानकारी देकर योग के प्रति जागरूकता फैलाना है। जिससे स्वास्थ्य मनुष्य स्वस्थ, गांव, स्वस्थ शहर, स्वस्थ देश रहेगा और सभी का विकास होगा।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर शासकीय माध्यमिक शाला भौंरा में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम



**भौंरा।** सोमवार को शासकीय माध्यमिक शाला भौंरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विधायक ने विद्यालय परिसर में स्कूली बच्चों के साथ सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया और योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक उईके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित जीवन की आधारशिला है। योग से शरीर स्वस्थ और सशक्त बनता है, मन एकाग्र व स्थिर रहता है तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से तनाव, चिंता और असंतुलन जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है, इसलिए विद्यार्थियों को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्य नम्रता मल्होत्रा ने भी विधायक के साथ सूर्य नमस्कार कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया, सरपंच श्रीमती मीरा धुर्वे, राजेंद्र साहू, जयकिशोर मिश्रा, मनीष खंडेलवाल, भैयालाल पंड्या सहित शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों से विद्यार्थियों को प्रेरित करना तथा योग के माध्यम से स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की बात कही।

## चोरी के मामले में इटारसी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चोरों को पकडकर माल किया बरामद

# सफलताः चोरी हुई चार मोटरसाईकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार, 24 घंटे में मोबाइल चोर धराए

इटारसी पुलिस ने चोरी के दो मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकडने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने सोमवार को पत्रकारवार्ता में मामलो का खुलासा किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए इटारसी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर सहित चोरी की गाड़ियां खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 मोटर साइकिल बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 83 हजार रुपये आंकी गई है। सोमवार को टीआई गौरव सिंह बुंदेला की मौजूदगी में एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गैरेज लाइन के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटर साइकिल बेचने की फिराक में घूम रहा है।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सिराज मोहम्मद उर्फ राजा उम्र 23 वर्ष, निवासी सिवनी मालवा को पकड़ा। उसके पास मौजूद टीवीएस राइडर के कागजात न होने पर जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने शहर के विभिन्न इलाकों से तीन अन्य मोटर साइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया।

आरोपी राजा ने बताया कि वह चोरी की गाडियां जुनैद पिता सईद खान (उम्र 35 वर्ष, निवासी सिवनी मालवा) को बेचता था। पुलिस ने जुनैद को भी गिरफ्तार कर लिया है। एक मोटर साइकिल को आरोपी जुनैद ने काट दिया था, जिसके पहिये और इंजन पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। कार्रवाई में वीएस राइडर एमपी 05 जेडबी 1711, 70,000 रु, पैशन प्रो एमपी 05 एमवी 5738, 48,000 रु, होंडा शाइन एमपी 05, एमयू 3602 के पुर्जे 40,000 रु, हीरो होंडा स्पलेंडर एमपी 05 एडी 7463, 25,000 रु। कुल 04 मोटर साइकिल कीमत 1,83,000 रु बरामद की हैं।

## मोबाइल चोरी में 3 नाबालिग गिरफ्तार




इटारसी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मोबाइल दुकान में हुई चोरी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के भीतर चोरी गए 3,15,000 रुपए कीमत के 09 कीमती स्मार्टफोन और 03 पावर बैंक बरामद कर लिए हैं। इस मामले में तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी 2026 को न्यास कॉलोनी निवासी अमर नागवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान से अज्ञात चोरों ने लाखों के मोबाइल पार कर दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**तकनीकी साक्ष्यों से खुला राजः** थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों के जाल की मदद से संदिग्धों की पहचान की। पुलिस ने इटारसी के ही अलग-अलग इलाकों न्यास कॉलोनी, पत्ती बाजार और सब्जी मंडी में रहने वाले तीन नाबालिगों को चिह्नित किया। पूछताछ और तलाशी के दौरान 18 बंगला खंडहर के पास से चोरी किया गया सारा मशरूका बरामद कर लिया गया।

**पुलिस टीम की सराहनाः** इन दोनो ही त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, उपनिरीक्षक शिवनाथ यादव, अरविंद बेले, सउनि सुरेन्द्र मालवीय, आरक्षक संदीप अजनेरिया, शाकिर, नरेन्द्र राजपूत, आबिद खान, संदीप ढुबले, रविआनंद और चालक राजेश पंवार की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम ने टीम के इस कार्य की सराहना की है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# अपराधः न्यास कालोनी में रेलवे पुलिया के पास युवक का शव मिला

**चेहरे पर चोट के निशान, हत्या या दुर्घटना की आशंका**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोमवार सुबह इटारसी के न्यास कॉलोनी बाईपास से रेलवे पुलिया की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त मोहित पिता बट्टू चौधरी (30 वर्ष), निवासी ग्राम कांसखेड़ा, तहसील माखननगर (बाबई) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को मोहित अपने मामा और भाई से मिलने ग्राम सोना सांवरी आया था, जो वहां प्राइवेट नौकरी करते हैं। रविवार को वह अपनी बाइक से वापस अपने गांव कांसखेड़ा के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा।

सोमवार सुबह राहगीरों ने रेलवे पुलिया के पास खेड़ा क्षेत्र में उसका शव पड़ा देखा। पास ही उसकी बाइक भी गिरी हुई मिली। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए मामला दुर्घटना और हत्या के बीच उलझा हुआ है। मोहित के चेहरे पर गहरे और गंभीर चोट के निशान मिले हैं, पुलिस को संदेह है कि शायद नशे की हालत में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई होगी, जिससे यह जानलेवा चोट आई।

हालांकि, मौके की संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। मोहित का एक छोटा भाई रोहित चौधरी है।

# नप के कर्मचारी एरियर से वंचित विधायक से करेंगे मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद के कई कर्मचारी एरियर लाभ से वंचित हैं। सभी कर्मचारी लंबे समय से अपने बकाया एरियर के भुगतान की मांग अब विधायक विजयपाल सिंह के समक्ष रखने की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार वे लंबे अरसे से एरियर भुगतान की मांग जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से कर रहे हैं। लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि लाभ जिस दिनांक से मिलना था उस दिनांक से अब तक के बकाया एरियर के लाभ से वंचित हैं।

वहीं कई कर्मचारियों की पीएफ की राशि भी खातों से काटी गई, जबकि अभी तक उनकी आईडी जनरेट नहीं हुई है। तथा बिना आईडी जनरेट हुए राशि काटना समझ से परे है। कर्मचारियों के अनुसार बार-बार आग्रह के बाद भी पीएफ के नाम पर काटी गई राशि अब तक वापिस नहीं मिल सकी है। आगामी दिनों में नपकर्मी सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के समक्ष अपनी समस्या रख सकते हैं।

# अखंड भारत की नींव युवा हैं, राष्ट्रहित में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकताः कुणाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को युवा संगोष्ठी आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अभाविप के प्रांत कार्यसमिति सदस्य कुणाल सराठे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।



कुणाल सराठे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं जिसे युवाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता हैं जैसे स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का डंका पूरे विश्व में बजाया,वैसे ही अब युवाओं को देश और संस्कृति को संभालने की आवश्यकता हैं। सराठे ने अपने उद्बोधन में जोर देते हुए कहा कि भारत का प्रत्येक युवा विवेकानंद हैं आवश्यकता हैं स्वयं को समाज से जोड़ने की।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत युवाओं का भारत है और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका सबसे अहम है।

संगोष्ठी के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण और समाज हित पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष दीपक आर्य, काजल बस्तवार, उर्वशी तिवारी, अनिकेत विश्वास, कार्तिक, प्रथम ठाकुर सीमा कोरी आदि कार्यकर्तागण एवं महाविद्यालयीन स्टाफ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व छात्र उपस्थित थे।

संचालन व आभार नगर मंत्री रौनक ने व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री रौनक द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एसटीआर से 27 बायसन बांधवगढ़ छोड़ने की प्रबंधन ने की तैयारियां शुरू, 23 भेज चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दूसरे चरण के 27 बायसनो को भेजने की तैयारियां शुरू हो चुकी है। जिसके लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से लेकर अन्य टाइगर रिजर्व तक एसटीआर ने समन्वय बना लिया है। इसे भेजने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

एसटीआर के मुताबिक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दो फेस में 50 बायसानो को भेजा जाना था, पहले फेस में फरवरी 2025 में 23 बायसन को छोड़ा जा चुका है, इस बार 27 बायसनो को भेजा जाएगा।इन्हें शिफ्ट करने के दौरान 350 कर्मचारी एक साथ काम करेंगे। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि 27 बायसन इस फेस में जाने वाले हैं कुल 50 बायसन जाने थे। जिसमें जो 23 बायसन फरवरी 2025 में भेजे गए थे। अब जो 27 बायसन है उन्हें 20 जनवरी से 27 जनवरी के बीच भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में 16 बायसन जून 2024 में शिफ्ट हुए थे।

23 बायसन फरवरी 2025 में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व भेजे गए थे, अब फिर से पुनः बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 27 बायसन जनवरी 2026 में भेजे जाएंगे। इस प्रकार



कुल 66 बायसन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व चूरना और बोरी क्षेत्र से इन्हें भेजा जाएगा इसके लिए हमारी तैयारियां की जा रही है इसे पकड़ने से लेकर छोड़ने तक हमारा जो टेंटेटिव लिस्ट होता है उसमें करीब ढाई सौ लोग लग जाते हैं। जो पूरी टीम में शामिल होते हैं। इसमें कुछ बाहर से, अन्य टाइगर रिजर्व से भी ट्रांसपोर्टेशन टीम एडिशनल होती है इस प्रकार 300 से लेकर 350 तक की टीम इसमें लग जाती है।

फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि जो तैयारी अभी तक की जा रही हैं हम लोगों की जो टीम गठित होनी है बेसिक टीम उनका डिसीजन हो चुका है और बांधवगढ़ और बाकी जो टाइगर रिजर्व है जहां से हाथी और ट्रक प्राप्त होने हैं उनसे समन्वय किया जा चुका है। वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से भी समन्वय मुख्यालय से किया जा चुका है।

# युवा दिवस पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार व स्वदेशी रन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में विविध प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा के निर्देशन में संपन्न हुए।



इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में योग प्रशिक्षक मोना मिश्रा एवं मयंक मिश्रा द्वारा प्राध्यापकों एवं छात्राओं को सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास कराया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसी क्रम में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस जन-जागरूकता दौड़ में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्राओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तथा आत्मनिर्भर भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेहरा ने कहा कि "स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को राष्ट्र निर्माण, स्वदेशी चेतना एवं सेवा भाव की ओर प्रेरित करते हैं। स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. मुकेशचन्द्र विष्ट ने कहा कि योग, दौड़ एवं खेल गतिविधियाँ युवाओं को अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ती हैं। महाविद्यालय परिवार की सहभागिता से वातावरण प्रेरणादायी एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रहा।

# मेहरागांव में जारी श्रीराम कथा में हनुमान जी के चरित्र की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मेहरागांव में जारी श्रीरामकथा में स्वामी प्रणवपुरी ने कथा के अष्टम दिवस पर राम कथा के सर्वोत्तम श्रोता हनुमानजी महाराज को समर्पित कर उनके चरित्र पर चर्चा की। उन्होनें ने कहा कि मनुष्य किसी भी कार्य करने का संकल्प करे तो प्रथम आलस्य बाधा डालने आ जाता है। हनुमान जी भी जब सौ योजन समुद्र लांघने के लिए निकले तो प्रथम मैनाक पर्वत ने उन्हे कहा कि प्रभु बहुत दूर जाना है इसलिए थोडा विश्राम कर लीजिये। किंतु हनुमान जी ने उन्हें सादर मना कर दिया। युवाओं को हनुमान जी महाराज की तरह अपने लक्ष्य के



प्रति इतनी ही लगन से बढ़ना चाहिए कि जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए तब तक कोई विश्राम नही होगा। हनुमान जी के त्वरित निर्णय की क्षमता भी अद्भुत है, क्योंकि जब गये थे तब लंका जलाने का कोई आदेश नही था, किंतु लंका के प्रांगण में ही त्रिखा द्वारा तुरंत संकेत मिला लंका भी जलानी है।

# राजेंद्र नर्मदापुरम के जिलाध्यक्ष और राजेश यादव पुनः जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

यादव भवन इटारसी में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के जिला नेतृत्व का चयन किया गया। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र यादव के निर्देशानुसार, चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षक के रूप में एडवोकेट दिनेश यादव को नियुक्त किया गया था।

बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं की रायशुमारी के बाद राजेंद्र यादव को नर्मदापुरम का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए राजेश



यादव को पुनः जिला ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस नियुक्ति के अवसर पर समाज एडवोकेट दिनेश यादव, आरके यादव, एडवोकेट मधुसूदन यादव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल यादव निटाया, नरेंद्र पटेल, ललित मोहन यादव, मदन सिंह यादव शिवपुरी, रजत यादव, युवराज यादव, एडवोकेट रामराज यादव, गोविंद राम यदुवंशी, डॉ. मनोज यादव, मनमोहन यादव, मुकेश यादव भिलाडिया और अशोक यादव सहित अन्य यदुवंशी समाज के लोग शामिल थे।

# गरीबों के लिए वरदान साबित हुई सोहागपुर में नेकी की दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एक दशक से अधिक समय से सोहागपुर में प्रतिदिन शाम को बेघर, बेसहारा, निःशक्त एवं असहाय लोगों को निःस्वार्थ एवं निःशुल्क रूप से राम रहीम रोटी बैंक भोजन कराती है। संस्था ने फुटपाथ पर रहने वालों के लिए 'नेकी की दीवार' का शुभारंभ भी किया है। जिससे कई जरूरतमंद गरीब लोग आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं।

तीव्र ठंड में दानदाताओं द्वारा कंबल, स्वेटर, टोपे, मोजे, मफलर, पैंट, शर्ट, साड़ियां आदी वितरित किए जा चुके हैं। रोटी बैंक समिति संचालक जमील खान ने बताया गया कि गत दिवस ग्राम ठीकरी निवासी मनीराम अहिरवार एवं इनके पुत्रों हीरालाल एवं रामशंकर ने



महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों को अच्छे किस्म की स्वेटरें वितरित कर पुण्य व सराहनीय कार्य किया है।

समिति सभी दानदाता बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है।

## प्रसिध्द कवि स्व. राजेंद्र सहारिया स्मृति में कवि सम्मेलन संपन्न

# जबलपुर, भोपाल, इटारसी के कवियों ने सुनाया काव्यपाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर निवासी बुंदेली कवि स्व. पं. राजेंद्र सहारिया की स्मृति में रविवार को करेली में कवि सम्मेलन किया गया। आयोजन साखी साहित्य परिषद करेली ने किया, जिसमें दमोह, जबलपुर, भोपाल, इटारसी व सोहागपुर के कवि शामिल हुए।

आयोजक संस्था प्रमुख कवि नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि स्व. पं राजेंद्र सहारिया के पुण्य स्मरण में कवि सम्मेलन पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जिपं अध्यक्ष देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता व पं. ताराचंद पाराशर व सत्य प्रकाश पेठिया के विशिष्ट आथित्य में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में कवि रामकिशोर नाविक इटारसी का




नागरिक अभिनंदन किया गया हुआ।

### सुनाए गीत, ग़ज़ल व नवगीत

नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि द्वितीय चरण में कवि सम्मेलन किया गया। जिसमें स्व. पं. राजेंद्र सहारिया के पुत्र कवि पद्माकांत सहारिया ने पिता की रचनाओं सहित स्वयं की रचना स्वप्निल सुंदर सा सुखद समय कब बीत गया पढ़ी। शरद व्यास भोपाल ने नदी किनारा छोड़ टेकरी पर बस जाएंगे गीत गाया। सलीम अंसारी जबलपुर ने दोस्त अपना यकीन चाहते हैं, सांप हैं आस्तीन चाहते हैं ग़ज़ल सुनाई।

अभय तिवारी जबलपुर ने ओ रघुनाथ राजधर्म सिखलाने, जनपथ की कुटिया पर तनिक पधारो सुनाया। सुधीर पांडे जबलपुर ने आंख में धूल है मिट्टी की, जहन पट गए हैं मिट्टी से ग़ज़ल कही।

जयप्रकाश श्रीवास्तव ने एक गीत और गा, ओ रे बंजारे गाया। गणेश राय दमोह ने असली सिक्का दब के रे गओ, नकली सिक्का इते उछल गओ कविता पढ़ी।

अमित बिल्लौरे सोहागपुर ने दुख को लोरी सुनाने चल, मन उसका बहलाने चल गाया। रामकिशोर नाविक इटारसी ने आओ बैठो पास हमारे हल्का मन कर लें गाया। कार्यक्रम के प्रथम चरण का संचालन नारायण श्रीवास्तव ने तथा कवि सम्मेलन का संचालन अमित बिल्लौरे सोहागपुर ने किया।

# 20 को नवग्रह दुर्गा मंदिर में होगा विराट हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आगामी 20 जनवरी को नवदुर्गा मंदिर, इटारसी में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा। सम्मेलन को लेकर नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन को भव्य और अनुशासित रूप देने की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही घर-घर जाकर निमंत्रण देने, हर घर की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम में महापुरुषों और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया।

हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

नगर प्रचारक जितेंद्र छविराज सोनी, प्रवीण नायक, प्रमोद पगारे, अशोक खंडेलवाल, जसवीर छाबड़ा, राकेश जाधव, देवेंद्र पटेल, पिंटू अग्रवाल, राजकुमार दुबे, बबलू राजवंशी, क्षितिज भावसार, जगवीर राजवंशी, बबलू अग्रवाल, जतिन बत्रा, दीपू अग्रवाल, अनिल गैलानी, अशोक भाट, जितेंद्र यादव, अमित मौर्य, सुनील दुबे, आयुष अग्रवाल, अमन रावत उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत

हरदा। इंदौर-बैतूल हाईवे पर रविवार रात करीब 9:30 बजे हुए एक सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान टिमरनी के वार्ड नंबर 2 निवासी नरेंद्र पिता रामबक्स राजंने के रूप में हुई है। वह हरदा में एक कपड़ा व्यापारी के यहां काम करता था। पुलिस के अनुसार, नरेंद्र रविवार रात को दुकान से काम खत्म कर अपनी बाइक से टिमरनी लौट रहा था। ग्राम उड़ा के पास ब्रिज पर एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नरेंद्र करीब 20 फीट दूर जा गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।जानकारी के अनुसार, मृतक नरेंद्र के दो छोटे बच्चे हैं। करीब डेढ़ महीने पहले ही उसके पिता का निधन हुआ था। वह सुबह के समय टिमरनी में अखबार बांटने का काम भी करता था। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### राशन पात्रता पर्ची के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

हरदा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी नवीन पात्रता पर्ची व नवीन सदस्य आवेदनकर्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी, हरदा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी पात्र आवेदनकर्ताओं को परिवार के सभी सदस्यों को उचित मूल्य दुकान पर लगी पीओएस मशीन से बॉयोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करना होगा। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही नवीन राशन पात्रता पर्ची जारी होगी या पूर्व से जारी पर्ची में नाम जोड़ा जाएगा।

### 18 को होगा अजाक्स का महाआंदोलन भोपाल में

सीहोर। अजाक्स संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बाबूलाल मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 18 जनवरी 2026, दिन रविवार, प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान भोपाल में अपने हक अधिकार ,जैसे एसी, एसटी, ओबीसी के 175000 बैकलांग पदों की पूर्ति, 27 प्रतिशत ओबीसी वालों के 13 प्रतिशत होल्ड को हटाए जाने, पदोन्नति में आरक्षण, सिविल जज 2022 के परीक्षा में एससी /एसटी और ओबीसी के अभ्यर्थियों को जान बूझकर भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने के विरुद्ध तथा बैकलॉग पदों को समाप्त करवाने के विरुद्ध, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना के विरुद्ध, प्रमोशन हुए अधिकारियों को रिवर्ड करना के विरुद्ध, आदि पीआईएल जो कि सुप्रीम कोर्ट में दायर हुआ है। वह दिनांक 21 जनवरी 2026 हेयरिंग लगातार इन मुद्दों पर चलने वाली है और आईएएस संतोष वर्मा अजाक्स के प्रांताध्यक्ष के समर्थन में पूरे मध्य प्रदेश से एससी एसटी और ओबीसी की संयुक्त तत्वाधान में 18 जनवरी 2026 को एक दिवसीय महा आंदोलन भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें सीहोर जिले के एससी, एसटी व ओबीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।
अपील करने वालों में प्रमुख रूप से बंशीलाल धनवाल संभाग अध्यक्ष, बाबूलाल मालवीय कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, जगदीश पैठारी, एच.एस.निमजे, दिनेश गेहरवाल, नर्बदा प्रसाद नागेश, कमल मालवीय कवि, एच.सी.जानपुरे, लखनलाल दुगारिया, मनोज दिसावरी, ज्ञानसिंह पचलासिया, डी.के.मेहरा, महेश मालवीय, ओमप्रकाश बड़ोदिया, रामप्रसाद मालवीय, एन.एल.दंगोलिया, अर्जुन सिंह धुर्वे, मनोज मालवीय आदि शामिल हैं।

### 8 डिग्री तापमान, ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा

सीहोर। जिले में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर लगभग 30 मीटर रह गई। कोहरे का असर सुबह करीब 11 बजे तक बना रहा।

## 800 सरकारी स्कूलों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए

# उत्कृष्ट विद्यालय में 300 छात्रों ने सूर्य नमस्कार समेत योगाभ्यास किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गुरुवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 300 से अधिक छात्रों ने इसमें भाग लिया। जिले के 800 से अधिक सरकारी स्कूलों में भी योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, नागरिकों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। योग शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम के विभिन्न आसन सिखाए, साथ ही ध्यान क्रियाएं भी कराईं। सभी प्रतिभागियों ने सूर्य की आराधना करते हुए सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। पटेल ने सूर्य नमस्कार को सबसे सरल और प्रभावी व्यायाम बताते हुए भारत के ऋषियों-मुनियों द्वारा दिए गए योग के महत्व पर जोर दिया।

पूर्व मंत्री पटेल ने विद्यार्थियों से प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उनका कहना था कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं सदी के भारत को विश्व गुरु बनाने का विवेकानंद का सपना पूरा किया जा सकेगा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय और एसडीएम अशोक डेहरिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। संयुक्त कलेक्टर राय ने योग के लाभों पर जोर देते हुए कहा कि योग शरीर को निरोग रखता है और कई बीमारियों को दूर करने में सहायक है। राय ने सभी को प्रतिदिन योग के लिए समय निकालने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को बचपन से ही योग की आदत डालनी चाहिए, ताकि यह उनके जीवन का अभिन्न अंग बन सके और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिले।


### उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाएः राठौर



हरदा। सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, जैसे आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्र सेवा को युवा पीढ़ी के जीवन में उतारने के संकल्प का प्रतीक है। उनका प्रसिध्द संदेश उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए आज भी प्रासंगिक है। उनके विचारों ने यह साबित किया कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा के रास्ते पर चलकर कोई भी व्यक्ति और राष्ट्र सफलता प्राप्त कर सकता है। आज भी उनके विचार युवाओं को यह संदेश देते हैं कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि सोच मजबूत हो तो सफलता निश्चित है। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार द्बुबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद शिक्षा को केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं मानते थे। कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता बिले द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा पैरालीगल वॉलंटियर लक्ष्मीकांत पारे आदि उपस्थित रहे।

## रामलीला का आठवां दिन

### सुग्रीव व राम की मित्रता के बाद हनुमान जी ने जलाई लंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

क्षेत्र के ग्राम बालेश्वर धाम ग्राम बालागांव में रामलीला के आठवें दिवस राम सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध, लंका दहन का खेल दिखलाया गया। रामलीला का आयोजन शिवशक्ति उत्सव दुर्गा उत्सव समिति महेंद्रगांव द्वारा कराए जा रहा है। जिसमें आठवें दिवस रामलीला का मंचन की शुरुआत गणेश और सरस्वती की बंदना से की गई।

इसके तत्पश्चात भगवान राम लक्ष्मण की आरती अर्चना की गई खेल में सर्वप्रथम सीता हरण के बाद राम लक्ष्मण सीता की खोज में जंगल-जंगल भटकते हुए उनकी मुलाकात हनुमान से होती है। हनुमान उनकी मुलाकात सुग्रीव से कराता है और सुग्रीव और राम की मित्रता हो जाती है। दोनों की मित्रता के समय दोनों अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे की मदद करने की कसम लेते हैं। इसके बाद श्री राम द्वारा बालि का वध किया जाता है। बाली के वध के बाद सुग्रीव को राजा बना कर पूरा राज्य उनके सौंप दिया जाता है। लंकेश्वर आदेश दिया जाता है कि हनुमान की पूंछ में आग लगा दो हनुमान की पूंछ में आग लगने के बाद वह पूरी लंका को जला कर राख कर देता है।

लंका दहन खेल को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में ग्राम में पहुंचे। ग्राम के सभी सदस्यों ने ग्रामीणों ने बाहर से पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया।व्यास रघुवीर गौर उनके साथ सुदामा गौर, सुरेश गौर ,सियाराम गौर, मुकेश गौर एवं गणमान्य सदस्यों द्वारा सुंदर चौपाइयों का पाचन करते हुये रामलीला की सुंदर लीला की गई। रामलीला में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, डॉ विशाल सिंह बघेल एवं अन्य का निर्माण नागरिक शामिल रहे।

## 17 को होगा हिंदू सम्मेलन, भूमिपूजन करने के साथ तैयारियां शुरू की



रहटगांव। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रहटगांव में 17 जनवरी शनिवार को विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का भूमि पूजन सोमवार को विधि विधान पूजा पाठ कर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंदू मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को लेकर नगर में सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण घर घर जाकर पीले चावल देकर दिया जा रहा है। 17 जनवरी को हो रहे विशाल हिंदू समाज सम्मेलन में रहटगांव नजरपुरा एवं मोहनपुर की समस्त सकल सर्व हिंदू बंधु शामिल होंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी समरसता एकता और संस्कृति चेतना को मजबूत करना है। साथ ही पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को प पुनर्स्थापित करना तथा समाज में बढ़ते सामाजिक दूरी पारिवारिक विघटन और भी कई मुद्दों को लेकर हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में साधु संत महात्मा और संघ के वरिष्ठ प्रचारक भी शामिल होंगे। सम्मेलन में सभी सकल हिंदू समाज के सभी नागरिक मातृशक्ति शामिल होंगे। आयोजन किसी भी राजनीति को उद्देश्य से नहीं है। बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत करना इसका मूल उद्देश्य है। सभी हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम के लिए समिति का गठन भी किया गया है। जिसमें संयोजक अध्यक्ष शिक्षक जीवनराम गौर होंगे। वही कार्यक्रम के लिए समिति के अन्य सदस्यों को भी मनोनीत किया गया है।

## 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा

# नॉट अटेंडेंट शिकायत पाए जाने पर वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में बताया कि ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये यह अभियान 4 चरणों में चलाया जायेगा। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन व शिकायतों को प्राप्त उनका निराकरण किया जाएगा। सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जायेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत रजिस्टर संधारित किया जाए तथा हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों को रजिस्टर में दर्ज करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि अधिकारी शिकायतों का अध्ययन कर उन्हें सतुष्टिपूर्ण तरीके से बंद कराएं। पोर्टल पर शिकायतों का निराकरण पूर्ण रूप से दर्ज किया जाए। उन्होने शिकायत नॉट अटेण्डेंट पाये जाने पर संबंधित का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होने बैठक में जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता परिसर चालू रखे जाएं और इन परिसरों का उपयोग आम नागरिक आसानी से कर सके। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरकिया को निर्देशित किया कि नगर में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही दुकानों के पास डस्टबीन की व्यवस्था की जाए ताकि कचरा इधर-उधर न फैले। उन्होने अधिकारियों को खनिज के अवैध उत्खनन के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल टंकी की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अमृत गंगा एप पर पेयजल टंकी की साफ-सफाई संबंधी जानकारी भी अपलोड करें। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि जिले में आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुले। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। जैविक हाट बाजार में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शासन से प्राप्त बजट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि वन अधिकार पट्टों के लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें।

## सागौन की कटाई व आगजनी बढ़ी, 'घटते-वनों' ने बढ़ाई चिंता

**सुरक्षा-इंतजामों पर सवाल उठने लगे हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



इस आदिवासी अंचल में कैंम्पा-मद से पौधरोपण और क्षतिपूर्ति-वनीकरण में 'घटते-वनों' ने चिंता बढ़ा दी है। वही, बिगड़े वनों में सुधार के नाम पर निरंतर भारी-भरकम धन-राशि व्यय की जा रही है। फिर भी वनों की कटाई और आगजनी की घटनाओं से सुरक्षा-इंतजामों पर सवाल उठने लगे हैं। कमोबेश, ऐसी ही स्थिति राजपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 912 की भी है। विदित है कि सरकार द्वारा पर्यावरण-संतुलन और वन्य-जीव संरक्षण के लिए विभिन्न योजनायें क्रियान्वित की जा रही है। इसमें कैंम्पा मद की वित्तीय-सहायता से क्षतिपूर्ति-वनीकरण आदि किये जा रहें हैं। इसके अंतर्गत वर्ष 2022-23 में राजपुरा बीट के उक्त कक्ष में किये गए कार्यों की स्थिति चिंताजनक है। विडंबना है कि सम्पूर्ण वन क्षेत्र में फेंसिंग के नाम पर केवल मुख्य गेट और कहीं-कहीं सीमेंट के पोल दिखाई देते हैं। जिनके लोहे के तार और जालियों का कोई अता-पता नहीं है,जिन्हें सुरक्षा बतौर लगाया गया था। इसलिए सुरक्षित वन में किसी भी स्थान से आवाजाही आसान होने से सम्पूर्ण क्षेत्र में पूरी तरह असुरक्षित है।

### इनका कहना है

सुरक्षित वनों में जहां कहीं वन घटते हैं तो कैंपा मद से वनों के सुधार के लिये खाली स्थानों पर वृक्षारोपण करते हैं। वन कटाई और आगजनी की घटनाएं रोकने के लिए वन अमला सदैव तत्पर रहता है।

सुंदरलाल सेन, सहायक वनपाल झिरन्या

### सागौन की कटाई, नियंत्रण नहीं

इस बीट में बहुमूल्य सागौन के वृक्षों के विकसित होने के पूर्व ही उनकी बेरहमी से कटाई की जा रही है। वहां पास-पास कई वृक्ष काटे गए हैं,जिनकी गिनती आसानी से की जा सकती है। इसके अलावा कई स्थानों पर सागौन की शाखाएं उगती हुई दिखाई देती है,जिन्हें पूर्व में काट दिया गया था। यह क्रम निरंतर चल रहा है,लेकिन वन विभाग की चुप्पी आश्चर्यजनक है। गौरतलब है कि प्रति वर्ष ग्रीष्म ऋतु में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही है,जिससे वन्य-प्राणी मुसीबत में दिखाई देते हैं। इस दौरान उनके जीवन पर ख़तरा मंडराता रहता है। लेकिन जब कभी ऐसी घटनाएं होती है तो उन पर तात्कालिक रुप से नियंत्रण नहीं हो पाता है। वहीं, वन अधिकारी पर्याप्त संसाधन नहीं होने की बात कहते हैं। जबकि दूसरी ओर इन मामलों में दोषियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाना भी चिंताजनक है।

## इंसिडेंट रिस्पांस टीम व टास्कफोर्स को प्रशिक्षण दिया



हरदा। आपदा प्रबन्धन क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में इंसिडेंट रिस्पोंस सिस्टम विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड जे. एल. कोठारी, ए.एस.आई.एम. उमेश खले सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में आपदा प्रबन्धन संस्थान भोपाल से आये टेक्निकल एक्सपर्ट अभिषेक शर्मा ने इंसिडेंट रिस्पोंस सिटम के के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उन्होने तहसील एवं जिला स्तरीय इंसिडेंट रिस्पोंस टीम के नामांकित अधिकारियों का दायित्व तथा जिम्मेदारियां, इंसिडेंट रिस्पोंस सिस्टम के माध्यम से आपदा राहत, खोज एवं बचाव ऑपरेशन की विधि सहित अनेक जानकारियां दी।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जिले की सभी पेयजल योजनाओं का जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में परीक्षण किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले की सभी पेयजल योजनओं का जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में परीक्षण करें। पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण किया जाए। यह निर्देश भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने सोमवार को आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये।

बैठक में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री उइके ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में मंत्री उइके ने निर्देशित किया कि जिन ठेकेदारों द्वारा नल योजना का कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि नल जल योजना का कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों द्वारा की जा रही शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने बताया कि नल जल योजना के पूर्ण होने पर ब्लाक स्तरीय समिति गठित कर उसका परीक्षण कराया जाएगा। परीक्षण उपरान्त ही पूर्णता का प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। मंत्री उइके ने निर्देशित किया धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित सभी 103 ग्रामों एवं उनके मजरे टोलों को भी नल योजना के तहत शामिल किया जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरन्तर पेयजल की मॉनिटरिंग करें। नियमित रूप से पेयजल का सैम्पल लेकर परीक्षण किया जाए। कलेक्टर जैन ने बैठक में बताया कि नल योजना की समस्या के समाधान के लिये हेल्प डेस्क विकसित किया जाएगा तथा वीडियो के माध्यम से योजना के तहत किये जा रहे अच्छे कार्यों को प्रसारित भी किया जाएगा।

### वनमंडल कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया



हरदा। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके सोमवार को वनमंडल कार्यालय (उत्पादन) के 90.50 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। गरिमामय समारोह के दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना और पट्टिका का अनावरण कर नए कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. आर. के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, पुलिस अधीक्षक शशांक, मुख्य वन संरक्षक वनवृत्त नर्मदापुरम अशोक कुमार, वनमण्डलाधिकारी नरेंद्र पण्डवा व अनिल चौपड़ा सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान अतिथियों ने रूद्राक्ष का पौधरोपण किया।